# कार्यालय प्राचार्य, नवीन शासकीय महाविद्यालय उमरेली,

जिला–कोरबा (छ.ग.)

(अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर छ.ग. से संबंद्ध)

Email id: principalumreli@gmail.com AISHE CODE C – 70551 M. N. 9424142410

क्र. 614 /स्था/अतिथि व्या./2025 उमरेली, दिनांकः 25/09/2025

## //अतिथि व्याख्याता एवं अन्य हेतु विस्तृत विज्ञापन//

कार्यालय आयुक्त, उ.शि. संचालनालय रायपुर का पत्र कमांक 289/01/आउशि/राज स्था/2025/नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक – 23/07/2025 एवं छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय का पत्र कमांक FileNo. **ESTB-1027/1216/2025/38-1** नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक–23/07/25 के अनुसार **नवीन शासकीय महाविद्यालय उमरेली, जिला–कोरबा (छ.ग.)** में अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण–पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ दिनांक – 03/10/2025 सायं 05:30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**अतिथि व्याख्याता नीति 2024 का अध्ययन महाविद्यालय के सूचना पटल/वेबसाईट http://gcumreli.in/ से अवलोकन किया जा सकता है।**

**विषय/पदों का विवरण**

| क्रमांक | विषय | पद संख्या | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| **1** | **हिन्दी** | **01** | **अतिथि व्याख्याता के मातृत्व अवकाश में जाने के कारण** |

**आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता :–**

1. अतिथि व्याख्याता को कार्य करने के लिए **न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों **और अन्य शैक्षिक कर्म**चारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के **रख–रखाव हेतु अन्य उपाय)** संबंधी विनियम, 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के **अंतर्गत अतिथि शिक्षण सहायक** के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए **परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित** जनजाति एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर **न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चा**हिए।
2. आयु सीमा अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण **सहायक अधिकतम 65 वर्ष** तक।
3. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता **दी जायेगी।**

<u>टीप :–</u> संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति/नियमित पदस्थाप**ना या स्थाना**ंतरण के फलस्वरुप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्या**ता एवं** अन्य की सेवा स्वतः समाप्त हो जावेगी।

## –: शर्ते :–

01. यह व्यवस्था संबंधित विषय में कार्यरत **अतिथि व्याख्याता के मातृत्व अवका**श में जाने के कारण किया जा रहा है। संबंधित के कार्यभार ग्रह**ण करने पर यह व्यवस्था तत्काल** प्रभाव से निरस्त मानी जावेगी।

02. यह नियक्ति अतिथि व्याख्याता नीति 2024–25 **के नियम 11.4 के अधीन** होगी।

03. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट / नेट, एम. फिल. / पी-एच.डी. एवं अनुभव प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।

04. दिनांक 03 / 10 / 2025 तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर, प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुकम सूची में शामिल किया जावेगा। **ई-मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा।**

05. अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।

06. प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक - 04 / 10 / 2025 को महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाईट **http://gcumreli.in/** पर प्रकाशित किया जावेगा।

07. गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि - 06 / 10 / 2025 तक होगी।

08. अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक - 07 / 10 / 2025 को किया जावेगा जिसका अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाईट **http://gcumreli.in/** अथवा सूचना पटल में किया जायेगा।

09. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय **इस आशय का श**पथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस / न्यायालय में कोई अपराधिक **प्रकरण विचाराधी**न नहीं है (परिशिष्ट-2 के अनुसार)। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकी**य / अर्द्धशासकीय से**वा में नहीं है एवं पूर्व में किसी विश्वविद्यालय / महाविद्यालय में शिकायत / कार्य **संतोषजनक नहीं पाये** जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नहीं की गई है।

10. आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी **यदि समय सीमा** में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता है, तो उसे उस दशा में अगले चरणों में **सम्मिलित नहीं किया** जाएगा।

11. अतिथि व्याख्याताओं एवं अन्य की सेवायें भविष्य में **नियमितीकरण का** आधार नहीं होगा।

12. आवेदक बंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का **पता प्राचार्य, नवीन शासकीय** महाविद्यालय उमरेली, **जिला-कोरबा (छ.ग.) पिन-495671** एवं आवेदित **विषय / पद आवश्यक रुप से** लिखे।

प्राचार्य
**नवीन शासकीय महाविद्यालय उमरेली**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

पृ.क्र. / 615 / अतिथि व्या. / 2025 **उमरेली, दिनांक** 25.09.2025

प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर **(छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।**
2. अपर संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय उच्च शिक्षा विभाग **बिलासपुर (छ.ग.) को सू**चनार्थ।
3. प्राचार्य, (अग्रणी) ई. वि. शासकीय स्नातकोत्तर **महाविद्यालय कोरबा (छ.ग.) को** सूचनार्थ।
4. स्थापना / लेखा शाखा उमरेली।
5. प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय.............................................**सूचना पटल मे च**स्पा हेतु।

प्राचार्य
**नवीन शासकीय महाविद्यालय उमरेली**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**